# डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ

**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**

उत्तर प्रदेश सरकार

## कार्यालय आदेश

विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 की धारा (5)(दो) में वर्णित व्यवस्थान्तर्गत प्रमिला कटियार स्पेशल एजूकेशन इन्स्टीट्यूट, काल्पी रोड, पुखराया, कानपुर देहात (प्रमिला कटियार चैरिटेबल एण्ड एजूकेशन वेलफेयर ट्रस्ट, बी–47, सेक्टर–51, नोएडा के अधीन संचालित) को विश्वविद्यालय के पत्र सं0–1922/पत्रा0 स0–412/एफ20/DSMNRU-4/ सम्बद्धता/विस्तारीकरण/2016–17 दिनांक 17.02.2017 द्वारा शर्तों–प्रतिबन्धो के अधीन अस्थाई रूप से स्ववित्त–पोषित योजनान्तर्गत B.Ed.Spl.Ed.(HI & MR) पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु सम्बद्धता प्रदान की गयी थी। उक्त संस्था द्वारा सम्बन्धित पाठयक्रमों को शैक्षणिक सत्र 2018–19 मे संचालन के लिए सम्बद्धता विस्तारीकरण हेतु आवेदन किया गया, तत्क्रम मे विश्वविद्यालय के पत्रांक : 1180/पत्रा0 स0–412ए/सम्बद्धता/DSMNRU/2018–19, दिनांक 17.10.2018 द्वारा वांछित मूलभूत सुविधाओं के अभाव मे सम्बद्धता विस्तारीकरण नहीं किया गया। तदोपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता विस्तारीकरण हेतु पुनः दिनाक 05 सितम्बर, 2019 को स्थलीय निरीक्षण कराया गया, जिसमें उक्त संस्था को शैक्षणिक सत्र 2019–20 में संगत पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु वांछित मूलभूत सुविधाओं को पुनः मानकानुसार नहीं पाने के कारण निरीक्षण दल द्वारा सम्बद्धता विस्तारीकरण की संस्तुति नहीं की गयी। उक्त संस्तुति के आधार पर विश्वविद्यालय की सम्बद्धता समिति द्वारा शैक्षिक सत्र 2019–20 में संगत पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु उक्त संस्थान को सम्बद्धता विस्तारीकरण प्रदान न करते हुए भविष्य मे किसी भी पाठ्यक्रम में सम्बद्धता हेतु नवीन आवेदन (निर्धारित अद्यतन नियमों व शर्तों के अधीन) करने का निर्णय लिया गया।

अतः विश्वविद्यालय से अस्थाई रूप से सम्बद्ध प्रमिला कटियार स्पेशल एजूकेशन इन्स्टीट्यूट, काल्पी रोड, पुखरायां, कानपुर देहात में स्ववित्त–पोषित योजनान्तर्गत B.Ed.Spl.Ed.(HI & MR) पाठ्यक्रमों के शैक्षणिक सत्र 2019–20 में संचालन सम्बन्धी आवेदन पत्र का निस्तारण उपरोक्तानुसार किया जाता है।

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

पत्रांक : 1520/पत्रा सं0– /DSMNRU/सम्बद्धता/2019–20 दिनांक 11 अक्टूबर, 2019

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. मा0 कुलपति, विश्वविद्यालय को सादर अवलोकनार्थ।
2. सदस्य सचिव, भारतीय पुनर्वास परिषद, बी–22, कुतुब इन्स्टीट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली–110016।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. परीक्षा नियंत्रक, विश्वविद्यालय।
5. प्रबन्धक/सचिव/प्राचार्य, प्रमिला कटियार चैरिटेबल एण्ड एजूकेशन वेलफेयर ट्रस्ट, बी–47, सेक्टर–51, नोएडा शाखा कार्या0–पुखरायां, कानपुर देहात के अधीन संचालित प्रमिला कटियार स्पेशल एजूकेशन इन्स्टीट्यूट, काल्पी रोड, पुखरायां, कानपुर देहात–209111 (उ0प्र0)।
6. सिस्टम एनालिस्ट, विश्वविद्यालय को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. गार्ड फाईल।

11.10.19

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

15/10/2019